E-mail : eeupjnrhathras@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण),

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,

भवन सं0–867 / 19, भगवन्तपुर, गुमानपुर रोड, हाथरस–204101

पत्रांकः– 1277 जनशिकायत / 46 दिनांकः– 11 / 07 / 2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग,
लखनऊ।

विषयः– **दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान में दिनांक 11-07-2026 में प्रकाशित समाचार "जल जीवन मिशन के कार्य में लापरवाही पर डी0एम0 ने जताई नाराजगीं" शीर्षक के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान के दिनांक 11-07-2026 के संस्करण में **''जल जीवन मिशन के कार्य में लापरवाही पर डी0एम0 ने जताई नाराजगी''** शीर्षक के अन्तर्गत समाचार प्रकाशित हुआ है कि ''जिलाधिकारी महोदय, हाथरस द्वारा चंदपा पेयजल योजना पर जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे निर्माण कार्यो की औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ओवर हैड टैंक के निर्माण में लापरवाही तथा मौके पर टैंक पर चढ़ने के लिए सीढ़ी पर रैलिंग न लगे होने पर स्पष्ट निर्देश दिये गये कि जनहित से जुडे कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही या घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जायेगा। डी0एम0 ने कार्य योजना के अन्तर्गत सम्मलित अवशेष कार्यो को तत्काल गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से पूर्ण कराते हुए जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। ग्राम पंचायत चितावर में मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद कर परियोजना की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 06 माह पूर्व गाँव की इन्टरलाकिंग सडकों को खोद कर पेयजल पाइप लाइन बिछायी गयी थी, लेकिन आज तक सडकों का पुर्ननिर्माण अथवा मरम्मत नहीं कराया गया है। मौके पर निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पाइप लाइन बिछाने के उपरान्त भी घरों में पानी का कनैक्शन नहीं दिया गया है और न ही जलापूर्ति की जा रही है। ग्रामीणों की शिकायत पर मौके पर मिली अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यदायी संस्था एवं अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर कडा असन्तोष व्यक्त किया। उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं विस्तृत जाँच कराने के साथ ही निर्धारित समय में आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। डी0एम0 को अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) ने अवगत कराया कि इस योजना के माध्यम से ग्राम पंचायत चंदपा एवं चितावर के 744 परिवारों तथा लगभग 4292 ग्रामीणों को घर-घर नल के माध्यम से शुद्व पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा। योजना के अन्तर्गत 02 ट्यूबैलों को निर्माण पूर्ण हो चुका है। प्रथम ट्यूबैल पर 32 किलोवाट क्षमता का सोलर सिस्टम, 10 हॉर्सपावर मोटर एवं पम्पिंग व्यवस्था स्थापित कर संचालन की तैयारिया पूर्ण कर ली गयी हैं, इसके अतिरिक्त 275 कि0ली0 क्षमता के ओवरहैड टैंक का निर्माण भी पूर्ण किया जा चुका है। डी0एम0 ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि शेष पाइप लाइन, पम्प हाउस, बाउन्ड्रीबॉल एवं अवशेष निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप समयबद्व ढ़ग से पूर्ण कराये जायें। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिये कि पाइप लाइन बिछाने के उपरान्त क्षतिग्रस्त सडकों का तत्काल पुर्नस्थापन कराया जाये तथा कार्यो की नियमिति मॉनीटरिंग सुनिश्चित की जाये, जिससे ग्रामीणों को समय पर सुरक्षित एवं

स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद के प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल पहुंचाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।''

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि चंदपा पेयजल योजना पर जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मै0 बी0जी0सी0सी0पी0एल0 रामकी (जे0वी0) द्वारा निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं। योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत चंदपा एवं चितावर सम्मलित हैं। पेयजल योजना के अन्तर्गत 02 नग नलकूप बोरिंग, 2 नग पम्प हाउस, 2 नग बाउन्ड्रीबॉल, 1 नग शिरोपरि जलाशय (275 के0एल0/12मी0), 15.77 कि0मी0 वितरण प्रणाली एवं 744 नग गृह जल संयोजन के कार्य कराये जाने प्रस्तावित हैं, जिसके सापेक्ष वर्तमान तक 02 नग नलकूप बोरिंग, 01 नग पम्प हाउस निर्माण, 01 नग शिरोपरि जलाशय निर्माण का कार्य, 9.63 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछाने एवं 375 नग गृह जल संयोजन के कार्य पूर्ण कर लिये गये हैं।

योजनान्तर्गत निर्मित शिरोपरि जलाशय की सीढ़ियों की रेलिंग एवं गेट का कार्य शेष है, जिसे शीर्ष प्राथमिकता पर पूर्ण करने हेतु फर्म को निर्देशित किया जा चुका है। योजनान्तर्गत निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री शासन स्तर से स्वीकृत मानाकों के अनुरूप ही प्रयुक्त की जा रही है एवं समय-समय पर टी0पी0आई0 एवं खण्ड के संबंधित सहायक अभियन्ता द्वारा निर्माण कार्यो की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाती है। उक्त पेयजल योजना के शिरोपरि जलाशय की गुणवत्ता रिपोर्ट (हाइड्रो टेस्टिंग रिपोर्ट) पत्र के साथ सलग्न है।

ग्राम पंचायत चितावर में वितरण प्रणाली बिछाये जाने हेतु मार्गो को काटा/तोडा गया था, जिन्हें वितरण प्रणाली बिछाये जाने के उपरान्त मोटरेबल करा दिया गया है। गृह जल संयोजन शेष कार्य पूर्ण कर मार्गो को पूर्व की भाँति पुर्नस्थापित करा दिया जायेगा।

साथ ही यह भी अवगत कराना है कि पेयजल योजना के निर्माण कार्य हेतु पर्याप्त धनराशि की अनुप्लब्धता के कारण निर्माण कार्य की प्रगति धीमी है। निर्माण कार्यो को मार्च, 2027 तक पूर्ण कराया जाना लक्षित है।

अतः अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन अन्तर्गत समस्त कार्यो की सतत निगरानी की जा रही है एवं प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में आवश्यक कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर की जा रही है।

आख्या सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**संलग्नक :- उपरोक्तानुसार।**

**भवदीय**

**(मोहित कुमार)**
अधिशासी अभियन्ता

**पत्रांक व दिनाँक उक्त।**

प्रतिलिपि :-निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (आ0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
3. जिलाधिकारी महोदय, हाथरस।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मंडल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अलीगढ़।
5. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, हाथरस।
6. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, हाथरस।

अधिशासी अभियन्ता